बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरण

■ संगठन सचिव जीवनसिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया

अजमेर, (कासं)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा अजमेर द्वारा बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष राहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से आरम्भ हुआ, जिसमें अजमेर शहर एवं आसपास के उन बस्तियों के परिवारों को आवश्यक राहत सामठी वितरित की गई जो हाल ही में आई भारी वर्षा और बाढ़ के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।

संगठन सचिव जीवनसिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले कुछ दिनों से अजमेर जिले में लगातार हुई बारिश के चलते कई निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति बनी रही। इस प्राकृतिक आपदा के कारण विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उनके घरों में पानी घुसने से दैनिक उपयोग की वस्तुएं नष्ट हो गईं और जीवन-यापन में कठिनाई उत्पन्न हो गई। ऐसे में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने तत्परता दिखाते हुए राहत सामठी वितरण का बीड़ा उठाया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को किचन सेट एवं तिरपाल सेट प्रदान किए गए। इन सेटों में दैनिक जीवन की आवश्यक सामठी जैसे बर्तन, थाली, गिलास, कटोरी, चम्मच, बाल्टी, मग आदि उपलब्ध कराए गए। इसका उद्देश्य बाढ़ से पीड़ित परिवारों को पुनः सामान्य जीवन की ओर अठासर करना तथा उनके भोजन-पानी की मूलभूत आवश्यकता को पूरा करना था।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन हरिनारायण सोमानी ने बताया कि मानव सेवा ही संगठन का मूल उद्देश्य है। आपदा और विपत्ति की घड़ी में रेड क्रॉस सदैव समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के साथ खड़ा रहता है। संस्था ने शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर पीड़ित परिवारों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और उसी के अनुसार राहत सामठी का वितरण किया।

राज्य स्तरीय सी.आर.ई. प्रशिक्षण सम्पन्न

■ राज्य के 193 विशेष शिक्षकों ने यूनिर्वसल इिजाइन फॉर लर्निंग सिद्धान्त को समझा

■ भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त दो दिवसीय राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सी.आर.ई.) कार्यक्रम प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया

अजमेर,(कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावस एवं भगवन्त यूनिर्वसिटी अजमेर के द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त दो दिवसीय राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सी.आर.ई.) कार्यक्रम प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया।

भगवन्त यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय सी.आर.ई. कार्यक्रम प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रो. वी के शर्मा वाइस चांसलर भगवन्त यूनिवर्सिटी की अध्यक्षता एवं अजमेर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ तथा यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार डॉ. बी के अम्बाष्टा, विक्रम सिंह राठौर, मुख्यकार्यकारी क्षमा आर. कौशिक, निदेशक राकेश कुमार कौशिक, रिसार्स पर्सन शुभा चन्द्र शेखर, उप निदेशक डॉ. भगवान सहाय शर्मा आदि ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दी तथा राज्य के 143 सी.आर.ई. पंजीकृत विशेष शिक्षकों सहित 193 प्रतिभागियों ने भागीदरी ली।

प्रशिक्षण में सन्दर्भ्य व्यक्ति डॉ. भगवान सहाय शर्मा व ईश्वर शर्मा के द्वारा भारतीय पुनर्वास परिषद्, दिव्यांगजन अधिकार अधिनिय 2016 तथा इसके मुख्य प्रावधानों एवं 21 प्रकार की विकलांगताओं के बारे में जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन शुभा चन्द्रशेखर ने अपने सत्र में यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग सिद्धान्त के विभिन्न पहलुओं एवं विशेष शिक्षको के लिए इसके महत्व एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समापन सत्र में मुख्य अतिथि आयुष वशिष्ठ उप पुलिस अधीक्षक अजमेर तथा विशिष्ठ अतिथि बी.के. अम्बाष्टा रजिस्ट्रार भगवन्त यूनिवर्सिटी अजमेर, संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया। संस्था के संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, अतिरिक्त निदेशक तरूण शर्मा, लेखाधिकारी नेमीचन्द वैष्णव, पदमा चौहान, मयंक रंगा, सरोज शर्मा, बरखा गहलोत आदि ने सहयोग किया।

अजमेर व्यापारिक महासंघ ने की वित्त से मांग : अजमेर में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने कई वर्षो से कपड़े, फुट वियर, खाद्य सामठी और इन्श्योरेन्स पर जीएसटी समाप्ति की मांग की जाती रही है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के तत्वावधान में 25 फरवरी को भी पदाधिकारियों ने अध्यक्ष महेन्द्र बंसल के नेतृत्व में केन्द्रीय भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यन्त गौतम के अजमेर आगमन पर बजट परिचर्चा के दौरान ज्ञापन के सौंपकर मांग की थी।

अजमेर में ऊर्जा कुशल उपकरणों के उपयोग पर जागरुक किया

■ ग्रीनट्री ग्लोबल वित्तीय सलाहकार कार्यक्रम में मौजूद रहे

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम एवं ग्रीनट्री ग्लोबल द्वारा गुरुवार को होटल लेक विनोरा में डीएसएम लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय के डिस्कॉम की क्षमता निर्माण के अंतर्गत डीएसएम उपायों के कार्यान्वयन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को ऊर्जा कुशल उपकरणों के उपयोग एवं सौर ऊर्जा अपनाने हेतु जागरूक करना था। ग्रीनट्री ग्लोबल इस परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन एजेंसी के रूप में कार्यरत है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा, निदेशक तकनीक बीसी बाल्दी, चीफ इंजीनियर अशोक कुमार, एम एल मीना, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्रीनट्री ग्लोबल के माध्यम से किया गया। ग्रीनट्री ग्लोबल वित्तीय सलाहकार एवं तकनीकी सलाहकार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अलावा ऊर्जा दक्ष उपकरणों से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।

इन विषयों पर हुई मुख्य चर्चा:- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की रणनीतियां एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को इसमें शामिल करने के प्रयास। ऊर्जा दक्ष उपकरणों पंखे, एसी व अन्य उपायों के प्रचार-प्रसार और कार्यान्वयन। औद्योगिक क्षेत्र में के माध्यम से ऊर्जा दक्षता सुधारने की संभावनाओं, सौर विक्रेताओं ओईएमएस के साथ संवाद, उनकी चुनौतियों एवं समाधान पर विस्तृत चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में ठीनट्री ग्लोबल के ऊर्जा विशेषज्ञ डॉ. सीएस आज़ाद ने औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा अपनाने की संभावनाओं और एमएसएमईएस द्वारा डीएसएम के लिए चलाई जा रही ऊर्जा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। डीएसएम के उपायों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और ऊर्जा दक्षता एवं सतत विकास को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

'गुरु द्वारा दिया गया मार्गदर्शन जीवन पर्यंत काम में आता है'

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रिश्चियन गंज के 20 शिक्षकगणों का सम्मान करते हुए क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने कहा कि एक शिक्षक ही होते है जो बचपन से ही छात्र छात्राओं का मार्ग प्रशस्त करते है जिससे विद्यार्थी की नींव मजबूत होती है कर्णावट ने इस अवसर पर गुरु गोविंद दोनो खड़े काकू लागे पाय, बलिहारी गुरु आपको गोविंद दियो बता का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम संयोजक लायन सुनीता वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण करते हुए लायंस सर्टिफिकेट प्रदान किया साथ ही सभी को स्मृति चिन्ह देते हुए उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं को नमन किया।

शिक्षकों का सम्मान समारोह

■ तैयार नहीं कराते बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाते हैं।

अजमेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा अजयमेरू की ओर से गुरुवार को शिक्षक दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों का सम्मान किया गया। सेंटर गर्ल्स बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय और फॉयसागर बालिका विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रमों में शिक्षकों को पैन कॉपी और दुप्पटा पहनाकर सम्मानित किया गया।

पुष्पमालाएं व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित:- उपशाखा अजयमेरु के अध्यक्ष रोहिताश कुमार सारस्वत ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि नैतिक मूल्यों और संस्कारों का संचार कर नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के योग्य बनाते हैं। आज के समय में शिक्षा के स्वरूप में बदलाव के बीच शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है,वे विद्यार्थियों को केवल परीक्षा की तैयारी नहीं करातेए बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने आ ान किया कि समाज को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सभी स्तरों पर प्रयास होने चाहिए। शिक्षक ही राष्ट्र की प्रगति और भविष्य के सशक्त स्तंभ हैं। कार्यक्रम में भगवान सिंह गौड़, भारत सिंह पवार, बलराज सिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद सारस्वत एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

एडीए द्वारा क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कार्य प्रारम्भ

अजमेर, (कासं)। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय में निर्माणाधीन मल्टीस्टोरी सर्जिकल ब्लॉक के 5 व 6 तल पर राशि 1663 लाख की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिससे दुर्घटनाठास्त एवं गम्भीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में गहन एवं विशिष्ट उपचार किया जायेगा।

राजस्थान चिकित्सा शिक्षा सोसायटी द्वारा क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण हेतु अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त किया गया है।

इस कार्य के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा 8 अगस्त 2025 को राशि1584.13 लाख रुपये का कार्यादेश जारी किया गया है।

मौके पर 13 अगस्त से कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है, जिसके मई 2026 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। एडीए द्वारा पूर्व में भी चिकित्सा विभाग से सम्बन्धित कायड़ में नये मेडिकल कॉलेज निर्माण राशि रुपये 19291 लाख तथा जे.एल.एन. में सर्जिकल ब्लॉक निर्माण राशि रुपये 4500 लाख रूपए का निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है।

विभिन्न विभूतियों का अजमेर रत्न से होगा सम्मान

अजमेर, 4 सितम्बर (कासं)। आप-हम एवं सपना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अजमेर का पहला और सबसे बड़ा बच्चों का 21वाँ एबीइएन फेस्टिवल का आगाज़ 08 सितम्बर को सूचना केन्द्र के सभागार में होने जा रहा है। जिसमें फिल्म व रंगमंच कलाकार नीरज कड़ेला व कहानीवाला रजत के नाम से प्रसिद्ध आर जे रजत मेंघनानी समारोह में विशेष रूप से रहेगें।

समारोह संयोजक नरेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, मंच सज्जा आदि के अवार्ड बच्चों व अध्यापकों को दिये जायेगें व सर्वश्रेष्ठ नाटक को स्वर्गीय कमला देवी भारद्वाज व स्वर्गीय जी आर भारद्वाज चल वैजयन्ती प्रदान की जायेगी। सप्तक संस्था की ओर से नाट्य विद्या के लिए समर्पित कलाकार को भरतमुनि सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

भारी बारिश से किसानों की फसलें व चारा बर्बाद

■ पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने उठाई किसानों की पीड़ा

अजमेर, (कासं)। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने भारी बरसात से किसानों की फसलों और चारे के हुए नुकसान के लिए राज्य सरकार से विशेष पैकेज दिए जाने का आठाह किया है। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर दौरे के दौरान केकड़ी इलाके के बोराडा व सरवाड़ सहित आसपास के गांवों का दौरा किया और किसानों से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने फसलों व चारा की बर्बादी बयां की। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सहित अजमेर जिले में भारी बारिश से किसानों की खड़ी फसलों को भरी नुकसान हो गया है।

इस बारिश से किसानों पर दोहरी मार पड़ी है। किसानों की तीन बार बोई हुई फसलें नष्ट हो गई है, उन्होंने कहा कि लगातार हों रही बारिश अजमेर के किसानों के लिए आफत बनकर सामने आई है और किसानों का जीवन संकट में आ गया है। ऐसे मेरी राज्य सरकार के मुख्य मंत्री भजनलाल और केंद्रीय किसान कल्याण व कृषि राज्यमंत्री से विशेष मांग है कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों व चारा खराबी की तत्काल गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करवाए और इस भीषण आपदा में किसानों को अतिशीघ्र राहत प्रदान करे। राज्य सरकार किसानों के लिए विशेष पैकेज जारी कर किसानों के हित के लिए ठोस व कारगर कदम उठाए।

अजमेर दौरे के दौरान राठौड़ ने जयपुर रोड स्थित मकराना राज होटल पर कांठोस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनसे संगठनात्मक चर्चा की। इसके बाद पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व वंशावली बोर्ड के अध्यक्ष रामसिंह राव व देहात कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने मुहामी गांव जाकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के पिता स्वर्गीय सूरज सिंह रावत के निधन पर शोक प्रकट किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परजिनों को सांत्वना प्रदान की।

पुरानी मंडी के कायस्थ मोहल्ले में देहात कांठोस प्रवक्ता कमल वर्मा की ओर से आयोजित लम्बोदर राजा समिति के तत्वावधान में आयोजित गणपति महोत्सव में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। बोराड़ा कांठोस मंडल अध्यक्ष गणेश गुर्जर, भागीरथ गुर्जर, राजू प्रजापत, प्रधान गैणा, महावीर बैरवा, गोविंद सिंह राठौड़, ओंकार सिंह राठौड़, प्रधान गुर्जर, पूर्व सरपंच शक्ति प्रताप सिंह राठौड़, शैतान गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, भानु प्रताप सिंह राठौड़, जितेन्द्र कुमार दमामी, अभिमन्यु सिंह राठौड़, पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी स्वागत किया।

न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय, सरवाड़, जिला अजमेर

दीवानी वाद संख्या...../सन् 2025

घनश्याम वगैरह बनाम नगरपालिका वगैरह

नोटिस अन्तर्गत आदेश 1 नियम 8 जाप्ता दीवानी सपठित धारा 91 जाप्ता दीवानी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण की ओर से आमजन के हितार्थ प्रतिवादीगण के विरूद्ध उक्त आशय का वाद पेश किया है कि नगर सरवाड़ में सांपला गेट के बाहर भील कॉलोनी के आगे दशहरा मेला मैदान है जो रावण चौक के नाम से जाना जाता है। जो खसरा सं. 2621,2623,2612 में स्थित है। उक्त दशहरा मेला मैदान जब से सरवाड़ में बसा है तब से स्थित है, तभी से उक्त मैदान में प्रतिवर्ष रावण दहन किया जाता है। एवं दशहरा मेले का आयोजन होता है जो नगरपालिका सरवाड़ की ओर से किया जाता है। जिसको सरवाड़ की आम जनता देखने जाती है। तथा इसी चौक में दरगाह सरवाड़ के मेले के दौरान आने वाले जायरीनों के ठहरने की एवं उनके वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नगरपालिका सरवाड़ द्वारा प्रतिवर्ष की जाती है। रावण चौक में रावण दहन के लिए चबूतरा बना हुआ है। तथा रामजानकी का बेवाण रखने हेतु चबूतरा बना हुआ है जो मौके पर आज भी मौजूद है। तथा शिवसागर तालाब में बरसाती पानी की आवक भी उपरोक्त जगह में से ही है। शिवसागर तालाब के रामघाट पर जलझूलनी ग्यारस का पर्व हिन्दू समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है। तथा गांव के पशु पक्षी भी इसी तालाब से पानी पीते हैं। प्रतिवादीगण द्वारा उपरोक्त भूमि को आमजनों के हितों व भावना की अनदेखी करते हुये एवं उनके त्यौहारों से वंचित करने के दुराशय से उपरोक्त भूमि को खुर्द बुर्द करने, उसमें भूखण्ड आवंटित करने इत्यादि पर प्रतिवादीगण तुले हुये हैं। जिसमें वादीगण ने प्रतिवादीगण द्वारा किये गये व किये जाने वाले उक्त अवैध कृत्य को रोके जाने बाबत वादीगण ने बहैसियत स्वयं व बहैसियत नगरवासी सरवाड़ के वाद प्रस्तुत किया है, जिसमें आगामी सुनवाई तारीख 16.9.25 नियत की गई है। उक्त मामले में कोई भी व्यक्ति अपना पक्ष रखना चाहता है तो वह दि. 16.9.25 को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद में पक्षकार बन सकता है एवं अपना पक्ष रख सकता है। यह सूचना आज दिनांक 3/9/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जी की गई।

रीडर, न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सरवाड़ जिला अजमेर

कानून व्यवस्था का मुद्दा गुंजा

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। विधायक विकास चौधरी ने विधानसभा में सरकार को घेरकर कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। विधायक चौधरी ने कहा आये दिन चोरी डकैती हत्या सहित संगीन आपराधिक वारदाते घटित होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद है। विधानसभा के चतुर्थ सत्र में विधायक चौधरी ने सरकार से सवाल किया कि एक जून 2025 से 20 जुलाई 2025 तक चोरी के कितने प्रकरण दर्ज हुए हैं, कितने सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं, केमरो से सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी वारदातो का खुलासा क्यों नहीं हो पा रहा है। मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सवालों के घेरे में फंसकर बतौर रस्म अदायगी जबाब देने से विधायक ने आपत्ति जताई, कहा झूठे आंकडों के बजाय वास्तविकता को स्वीकार किया जाये, खुफिया तंत्र फैल हो चुका है, स्थिति को संभालने की जरूरत है, आमजन अपने आपको को असुरक्षित मानकर दशहत के माहौल में जीवन जी रहा है। इन सब के बावजूद जिम्मेदार मंत्री द्वारा केवल मुल्जिमान की तलाश जारी है शब्द जोडकर गंभीर सवालो को अनसुना कर देना ठीक नहीं है। मंत्री जवाहर सिंह ने स्वीकार किया की घटनाओं में बढोतरी हुई है, किंतु ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये सवाल के जवाब में असहज नजर आए।

मेड़ता सिटी में शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता शहर में गणेश विसर्जन व बारहावफात पर्व को लेकर नागौर जिला कलक्टर अरूण कुमार पुरोहित की अध्यक्षता में बारावफात जूलूस व गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक उपखण्ड कार्यालय मेड़ता सभागार में आयोजित की गई। जिसमें बारावफात एवं गणेश महोत्सव समिति से दोनों पर्वो को लेकर व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित दोनों समिति के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि जिन मार्ग से भी जुलूस / शोभायात्रा निकले उस मार्ग पर सडकों पर पडे गडडों को ठीक करवाने, साथ ही विद्युत तारों को उपर करवाने, दुकानों के बाहर लगे पर्दे, दुकानों के बाहर कर रखे अस्थाई अतिक्रमण आदि को हटाने के लिए निवेदन किया गया। इस पर जिला कलक्टर पुरोहित ने कहा कि ये दोनों पर्व शांति प्रिय पर्व हे । इन पर्वो को मिलजुल कर मनाना चाहिए वही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनो पर्वो को लेकर बैठक में जो भी समस्याएं रखी गई है उनको तुरन्त निस्तारण करें। इस मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि जुलूस / शोभायात्रा के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी जाति विशेष या समुदाय विशेष के खिलाफ नारेबाजी नहीं करेगा एवं किसी भी तरह का कोई हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। अगर इसके बावजूद भी कोई अगर ऐसा करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

जुलूस आज

अजमेर, (कासं)। मोहम्मद साहब के 1500 वें जन्मोत्सव जश्न ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शुक्रवार को ऐतिहासिक अढ़ाई दिन के झोपड़े से जुलूस निकाला जाएगा। सूफी इटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायत उल्ला ने बताया कि जुलूस प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा त्रिपोलिया गेट, कमानी गेट से जुलूस ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचेगा, अंजुमन सैय्यदजादगान की ओर से स्वागत किया जाएगी। धानमंडी, देहली गेट से जुलूस गंज होता हुआ ऋषि घटी बाईपास चिल्लाकुतुब साहब पहुंचेगा,यहां 12:30 बजे सलातो सालम पेश कर देश दुनियां में अमन चैन भाई चारगी की दुआ की जाएगी।

अजमेर दादाबाड़ी जीर्णोद्धार में इन्द्र देवता भी शामिल हुए

अजमेर, (कासं)। विश्व के प्रथम दादागुरूदेव युगप्रधान श्री जिनदत्तसूरि जी महारासा की समाधि, स्थल अजमेर दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास दादाबाड़ी में गुरूवार को मुनिप्रवर सम्यक रत्नसागरजी म. सा. और जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी म. सा. के सानिध्य में प्रातः 7:54 बजे विधिकारक मध्य प्रदेश निवासी अरविन्द प्रवीण चोरडिया द्वारा समपन्न कराया गया, जिसमें पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिघवी, श्री जिनदत्तसूरि जी महाराज की मुख्य धरणी कुर्म शिला लाभार्थी कोयम्बटूर निवासी विजयचन्द पारस मणी कुशल दिपमाला झाबक परिवार, भीमराज सुशिला बोहरा, महेन्द्र कोठारी सहित 101 शिलाओ के लाभार्थी परिवार ने चांदी की तगारी में सीमेंट मसाला भर कर चांदी की करनी से शिलाओं को स्थापित किया।

श्री जिनदत्तसूरि समाधि स्थल दादाबाड़ी जीर्णोद्धार के शिलान्यास शिलास्थापना का कार्य मन्त्रोचारण से शुरू होते ही इन्द्र देवता मेहरबान हो गये और शिलाओ के लाभार्थी परिजनो सहित उपस्थित हजारो भक्तगण बारीश से तरबतर हो गये। शिला कलश की स्थापना, विधि मंजुशा की स्थापना, कछुए की स्थापना और श्री जिनदत्तसूरि जी महाराज की मुख्य धरणी कुर्म शिला की स्थापना और समस्त 101 शिलाओं की स्थापना कर लाभार्थीयो ने शिलाओ के चारो तरफ सफेद सीमेंट से शिलान्यास किया।

जीर्णोद्धार समिति के संयोजक भीमराज बोहरा एवं खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूवात प्रातः 5:31 बजे स्नात्र पूजा से प्रारम्भ हुई, जिसके प्रश्चात् 101 शिलाओं का शिलान्यास महोत्सव प्रारम्भ हुआ, जिसमें गुरू भगवन्तो द्वारा 'औम पुण्यहाम पुण्यहाम से विधिवत एक एक शिला के नाम से मत्रोच्चार कर उसकी उसकी स्थापना व वाकक्षेप किया गया। पहले कलश गृभ में कुर्म शिला के नीचे सोने चांदी की ईटो को रखकर उस पर धर्नेन्द्र पदमावती, सवास्तिक, चांदी के फूल अर्पण कर चांदी की आंगी रखकर कछुआ रखकर कपडे से पैक किया गया और साधु भगवंतो द्वारा मांगलिक सुनाया गया और लाभार्थी परिवारों ने नाल का विधिविधान से विधिवत पुजन अर्चना की गई। जिसमे देश भर से आये लगभग 1200 भक्तगणों ने अपने परिजनों के साथ शिलान्यास के साक्षी बन कर शिलान्यास कार्य की अनुमोदना की।

शिलाओं के नीचे स्वर्ण, रजत, हीरे, जवाहरात रोपित किये गये। रजत कलश के साथ पूरे हिंदुस्तान के जैन साधु साध्वीयो द्वारा मंत्रीत वात्सकक्षेप का कलश शिलाओ के साथ रोपित किया गया।

शिलान्यास महोत्सव में भीमराज-सुशीला बोहरा, बहादुरमल कांकरिया, विक्रम पारख, सुशील वेद, नरेन्द्र लालन महेन्द्र लुणिया, दिनेश मेहता, सतीष बुरड़, शोभित, सौरभ सुराणा सहित खरतरगच्छ संघ और अरिहन्त मण्डल ने शिलान्यास के सभी कार्य और व्यवस्थाओं को अन्जाम दिया।

कार्यालय नगर निगम,अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास, पंचशील नगर,अजमेर

दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com. ajmermc@rajasthan.gov.in

क्रमांक: MEW/2025-26/208 **नीलामी सूचना** दिनांक: 04/9/25

नगर निगम अजमेर द्वारा गंज गोदाम पर स्थित अनुपयोगी सामान की "As is Where is" स्थिति में नीलामी की जा रही है। जिसकी दिनांक 12.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे से निर्धारित की गई है। इस नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित राशि/शुल्क निम्नानुसार है।

क्र.सं.	नीलामी सामान का विवरण	राशि/शुल्क का प्रकार	अमानत राशि
1.	लकड़ी/एल्यूमीनियम सामग्री पुरानी	अमानत राशि	15000/-

इस संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नगर निगम के गंज गोदाम कार्यालय में उपस्थित होकर श्री ओमप्रकाश वरिष्ठ सहायक से प्राप्त की जा सकती है।

-उपायुक्त (विकास)नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक:न.नि.अ/भवन/25-26/261 **आपत्ति सूचना** दिनांक:03/09/25

श्रीमती फेहमीदा चिश्ती पत्नी सैयद तोफिक चिश्ती निवासी 101/06 मामू भांजा गली खादिम मौहल्ला अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 05/360= 360/34=308 का भाग जो वाके खादिम मौहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 62.34 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : सम्पति श्री आशिक अली की — पश्चिम : 07 फुट चौड़ी आम गली

उत्तर : 13 फुट चौड़ी लंगरखाना गली — दक्षिण : 03 फुट गली जिसके पश्चात अन्य की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-(अजमेर) (राज.)

क्रमांक:न.प.कि./भूमि/2025/6570 **आम सूचना** दिनांक: 03/09/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सायरी चौधरी पत्नी श्री भंवर लाल ने 69-क के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो कि गंवारियों का मौहल्ला, महावीर कॉलोनी मदनगंज किशनगढ़ में स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 128.95 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व : आम रास्ता — पश्चिम : 12.09 आम रास्ता

उत्तर : श्री पूरणमल जी का मकान — दक्षिण : श्री श्रवण जी का मकान

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-प्रभारी अधिकारी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-(अजमेर) (राज.)

क्रमांक:न.प.कि./PWC/BPAS-2454/2025/673 **आम सूचना** दिनांक: 04/09/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नारायण प्रजापति पुत्र श्री मनोहरलाल राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा सं. 616/1, 616/2, 620/1, 620/2 भूखण्ड सं. बी-45-बी के कुल क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज 'बी.एल.जी. नगर' खोड़ा गणेश जी रोड मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान में आवासीय निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व : 30 फीट का रास्ता — पश्चिम : इसी भूखण्ड का शेष भाग

उत्तर : भूखण्ड सं. बी-46 — दक्षिण : 40 फीट का रास्ता

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-प्रभारी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक/नपपु./भूमि/2025/1660 **उजरदारी सूचना** दिनांक-26/8/2025

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा/आवंटित/बख्शीसशुदा सम्पत्ति के भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नगर परिषद पुष्